श्री अशोक कुमार, माननीय स॰वि॰प॰ से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-1/212/167 का उत्तर प्रतिवेदन

<table>
<tr><th>क्र०</th><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td></td><td>क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-</td><td></td></tr>
<tr><td>1.</td><td>क्या यह सही है कि नवादा जिला के रजौली फुलवरिया जलाशय का पानी नहरों (कनाल) में नहीं छोड़े जाने के कारण किसानों की जमीनें सूखी पड़ी है;</td><td rowspan="3">अस्वीकारात्मक
वस्तुस्थिति यह है कि:-
फुलवरिया जलाशय योजना से निःसृत नहरों में जलश्राव प्रवाहित कर रजौली, सिरदला एवं नरहट प्रखंड के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।
वर्ष 2025-26 में खरीफ सिंचाई हेतु नहरों में जलश्राव दिनांक 01.06.2025 से 31.10.2025 तक दिया गया तथा रब्बी सिंचाई हेतु नहरों में जलश्राव दिनांक 20.12.2025 से 31.03.2026 तक जलाशय में जल उपलब्धता एवं किसानों के मांगों के अनुसार जलश्राव दिया जा रहा है।
खरीफ सिंचाई अवधि वर्ष 2025 में लक्ष्य 6620 हे॰ के विरुद्ध 6620 हे॰ की उपलब्धि प्राप्त की गई है एवं रब्बी सिंचाई अवधि वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 2015 हे॰ के विरुद्ध 2015 हे॰ की उपलब्धि प्राप्त की गई है।
रजौली प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण, सिरोडाबर, टकुआटांड आदि पंचायतों के दर्जनों गांवों में फुलवरिया जलाशय से निःसृत दायाँ मुख्य नहर से खरीफ सिंचाई अवधि वर्ष 2025 में लक्ष्य 1120 हे॰ के विरुद्ध 1120 हे॰ तथा रब्बी सिंचाई अवधि वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 805 हे॰ के विरुद्ध 805 हे॰ की उपलब्धि प्राप्त की गई है।
फुलवरिया जलाशय में जल की उपलब्धता एवं किसानों के माँग के अनुरूप नहरों में जलश्राव कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>क्या यह सही है कि रजौली प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण, सिरोडाबर, टकुआटांड आदि पंचायतों के दर्जनों गांवों में पानी के अभाव के कारण फसल की पैदावार पर सीधा असर पड़ रहा है;</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में सिंचाई कार्य हेतु रजौली फुलवरिया जलाशय का पानी नहरों (कनाल) में छोड़ना चाहती है, जिससे गांव के हजारों एकड़ भूमि सिंचाई योग्य हो सके, यदि हाँ तो कबतक, नहीं, क्यों?</td></tr>
</table>

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 पटना/दिनांक ....
प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध),, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1/212/167 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 पटना/दिनांक :..
प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 पटना/दिनांक :..
प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 1130 पटना/दिनांक :23/2/26
प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता/आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/2/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव